# टिप्पणी तथा आदेश



पत्रांकः– 32/वि0जा0वि0मं0/मेरठ/निविदा अनुमोदन दिनांकः 21-04-25

**विषयः–अल्पकालीन ई–निविदा प्रकाशन हेतु अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

**मुख्य अभियन्ता (जानपद) वितरण, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ।**

महोदय,

सादर संज्ञान में लाना है कि अधोलिखित तालिका में इंगित जानपदीय कार्यो को सम्पादित कराने हेतु बिजनेस प्लान 2024–25 के अन्तर्गत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला मण्डल, मेरठ द्वारा प्रस्तावित किया गया था, जिसकी स्वीकृति मण्डल की 162वी0 बैठक में बिजनेस प्लान 2024–25 के तहत प्राप्त होने के फलस्वरूप अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला मण्डल, मेरठ के कार्यालय पत्रांक संख्या 326 दिनांक 13.06.2024 के द्वारा सूचित किया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

| क. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 सहित) (लाख में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | विद्युत कार्यशाला मण्डल, मेरठ के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों (मेरठ, हापुड़, बागपत, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर) में कार्यशालाओं पर फायर फाईटिंग सिस्टम को अपग्रेड करने एवं स्मोक डिटेक्टर से सम्बन्धित कार्य। | 147.50 | 06 माह |

यह सूच्य है कि उपरोक्त वर्णित कार्यो की स्वीकृति, प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमोदन निदेशक मण्डल की 162वीं बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन में बिजनेस प्लान 2024–25 के तहत बिन्दु संख्या–1(छ) में प्राविधानित कुल धनराशि रू0 2838.00 लाख के अन्तर्गत समाहित है।

अतः आपसे सादर अनुरोध है उर्ध्वांकित तालिका में अंकित कार्यो को सम्पादित कराने हेतु अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण हेतु अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

As proposed
22.04.25

(अवधेश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता (जानपद)
वि0जा0वि0मं0, मेरठ